# YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)
Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

**NEWS CLIPPING: 13.07.2018**

## DAINIK BHASKAR

# वाईएमसीए के कम्युनिटी कॉलेज में 26 नए पाठ्यक्रम, मिलेगा रोजगार

### नए पाठ्यक्रमों से कामगार एवं बेरोजगार युवा तकनीकी रूप से बनेंगे और अधिक सक्षम

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद



वाईएमसीए यूनिवर्सिटी द्वारा संचालित कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के तहत नए शैक्षणिक सत्र 2018-19 से 15 दिन से लेकर पांच वर्ष की अवधि के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा व वोकेशन में स्नातक सहित 26 नए पाठ्यक्रम शुरू होंगे। नए सत्र से शुरू हो रहे पाठ्यक्रमों में रेफ्रिजरेशन, एयरकंडीशनिंग, घरेलू उपकरण प्रशिक्षण, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, वैल्डिंग, वेब डिजाइनिंग, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग व योग एवं नेचुरोपैथी के पाठ्यक्रम शामिल हैं। इनके लिए आवेदन आमंत्रित हैं। सभी पाठ्यक्रमों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं एवं 12वीं पास हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 16 अगस्त है।

कम्युनिटी कॉलेज के नए पाठ्यक्रमों की घोषणा करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कम्युनिटी कालेज का उद्देश्य साधन से वंचित आर्थिक व शैक्षणिक रूप से कमजोर युवाओं का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार के योग्य बनाना है। कॉलेज द्वारा शुरू किए गए नए पाठ्यक्रमों से कामगार एवं बेरोजगार युवा तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम व रोजगार योग्य बनेंगे। इससे इन पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले युवाओं को रोजगार के सुनिश्चित अवसर मिलेंगे।

**16 अगस्त तक करें आवेदन**

इसके अलावा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत सीएनसी ट्यूनिंग, एआरसी वैल्डिंग व असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन के तीन-तीन माह के तीन पाठ्यक्रम व विश्वविद्यालय द्वारा वेबडिजाइनिंग, कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर व नेटवर्किंग एवं योग विज्ञान में एक वर्ष के तीन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सभी पाठ्यक्रमों में दाखिले के इच्छुक युवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://www.ymcaust.ac.in या http://www.ccsd.net.in पर उपलब्ध प्रास्पेक्ट्स व आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इस संबंध में कॉलेज के दूरभाष नम्बर 0129-2310175 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

**15 दिन से 5 साल तक के कोर्स**

प्रिंसिपल डा. संजीव गोयल के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2013 में कम्युनिटी कालेज शुरू किया गया था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त कम्युनिटी कालेज में शैक्षणिक सत्र 2014-15 से वैल्डिंग एवं इलेक्ट्रीशियन का एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स कराया जा रहा है। डा. गोयल के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा एयरकंडीशन के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी डेकिन की सहभागिता में एयरकंडीशनिंग में पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसमें दाखिला के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं है। सीटों की संख्या 60 है। इस पांच वर्षीय पाठ्यक्रम की खास बात यह है कि पाठ्यक्रम में लेटरल एंट्री व लेटरल एग्जिट का प्रावधान रहेगा। अर्थात एक वर्ष के बाद कोर्स छोड़ने पर सर्टिफिकेट, दूसरे वर्ष के बाद एडवांस सर्टिफिकेट, तीसरे वर्ष के बाद डिप्लोमा, चौथे के बाद एडवांस डिप्लोमा व पांचवें वर्ष के बाद वोकेशन में स्नातक की डिग्री प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार गोदरेज दिशा कंपनी के साथ सहभागिता में 15 दिन की अवधि से लेकर तीन माह की अवधि के आठ सर्टिफिकेट व एडवांस सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इसमें युवाओं को रेफ्रिजरेशन, एयरकंडीशन, वाशिंग मशीन, माइक्रोवेव जैसे घरेलू उपकरणों को रिपेयर करना सिखाया जाएगा।

ARYANS
GROUP OF COLLEGES
RAJPURA, NEAR CHANDIGARH
LAW
ENGINEERING | MANAGEMENT | AGRI | EDUCATION | NURSING | PHARMACY
Scholarship for Needy Students
Call: 098762-99888

## NAVBHARAT TIMES

# YMCA के कम्युनिटी कॉलेज में 26 नए कोर्स

**प्रस, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से संचालित कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डिवेलपमेंट के अंतर्गत नए शैक्षणिक सत्र में 15 दिन से लेकर 5 साल तक की अवधि के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा और वोकेशन में स्नातक सहित 26 नए पाठ्यक्रम शुरू होंगे।



इन पाठ्यक्रमों में रेफ्रिजरेशन, एयर कंडीशनिंग, घरेलू उपकरण प्रशिक्षण, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डिंग, वेब डिजाइनिंग, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग व योग एवं नेचुरोपैथी के पाठ्यक्रम शामिल हैं, जिनके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सभी पाठ्यक्रमों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं एवं 12वीं पास है और आवेदन की अंतिम तिथि 16 अगस्त, 2018 है। कम्युनिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि डेकिन कंपनी की सहभागिता में एयरकंडीशनिंग में पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है, जिसमें दाखिले के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं है। दूसरी ओर गोदरेज दिशा कंपनी के साथ सहभागिता में 15 दिन की अवधि से लेकर तीन महीने की अवधि के आठ सर्टिफिकेट व एडवांस सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। यूनिवर्सिटी की वेबसाइट http://www.ymcaust.ac.in या http://www.ccsd.net.in पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्टस और आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

वाईएमसीए के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि 'स्किल इंडिया' कार्यक्रम को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच के अनुरूप कॉलेज की ओर से नए कौशल विकास एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम औद्योगिक मांग को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक सहभागिता में शुरू किए गए है।

**NEWS CLIPPING: 13.07.2018**

## HINDUSTAN

कम्यूनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय, बारहवीं पास छात्र 16 अगस्त तक कर सकेंगे ओवदन

# कम्यूनिटी कॉलेजों में 26 नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे

अच्छी खबर

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

12वीं कक्षा पास छात्रों के लिए अच्छी खबर है। वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से संचालित कम्यूनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत नए शैक्षणिक सत्र (2018-19) में योग व नेच्युरोपैथी, रेफ्रिजरेशन, एयरकंडीशनिंग, घरेलू उपकरण प्रशिक्षण, इलेक्ट्रीशियन सहित करीब 26 नए पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसमें दाखिले के लिए वाईएमसीए में आकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तारीख 16 अगस्त निर्धारित की गई है।

इनमें से कई पाठ्यक्रम 15 दिनों से लेकर पांच वर्ष तक का होगा। मालूम हो कि यह सभी पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की ओर से संचालित कम्यूनिटी कॉलेज में शुरू किया जाएगा। इसका उद्देश्य साधन से वंचित आर्थिक व शैक्षणिक रूप से कमजोर युवाओं को कौशल विकास कर उन्हें रोजगार के लिए तैयार किया जाए। बेरोजगार युवाओं को सशक्त बनाने का एक महत्त्वपूर्ण माध्यम है। स्किल इंडिया कार्यक्रम को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच के अनुरूप कॉलेज में नये कौशल विकास एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम औद्योगिक मांगों को ध्यान रखते हुए तैयार किया गया है। इनमें दाखिला लेने वाले युवाओं को रोजगार के सुनिश्चित अवसर मिलेंगे।

कम्यूनिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से वर्ष 2013 में इसे शुरू किया गया था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता प्राप्त कम्यूनिटी कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2014-15 से वेल्डिंग एवं इलेक्ट्रिशियन के लिए एक वर्ष का डिप्लोमा कोर्स करवाने की स्वीकृति मिली थी। कॉलेज प्रबंधन की ओर से युवाओं को रोजगार एवं स्वः रोजगार में अहम सहयोग दिया जता है। वहीं, एयरकंडीशन के क्षेत्र में अग्रणीय कंपनी डेकिन के सहयोग से एयरकंडीशनिंग में पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है, इसमें दाखिले के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं है और सीटों की संख्या 60 है। इस पांच वर्षीय पाठ्यक्रम की खास बात यह है कि पाठ्यक्रम के दौरान इसमें दाखिला लेने वाले छात्र एक वर्ष के बाद पाठ्यक्रम को छोड़

> इस संबंध में दिशानिर्देश जारी कर दिया गया है। आवेदन की प्रक्रिया 16 अगस्त से शुरू हो जाएगी। इसके माध्मय से कई छात्रों को लाभ मिल सकेगा।
> -दिनेश कुमार, कुलपति, विश्वविद्यालय के

### आठ सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम

वहीं, गोदरेज दिशा कंपनी के सहयोग से 15 दिन की अवधि से लेकर तीन महीने तक के आठ सर्टिफिकेट और एडवांस सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना है। इस दौरान युवाओं को रेफ्रिजरेशन, एयरकंडिशन, वाशिंग मशीन, माइक्रोओव जैसे घरेलु उपकरणों को रिपेयर करना सिखाया जाएगा। बताया जा रहा है कि इसके लिए राष्ट्रीय लघु उद्योग कॉरपोरेशन के सहयोग से कॉलेज में तीन महीने से लेकर एक वर्ष तक की अवधि के 11 सर्टिफिकेशन पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसमें इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टयूनर, टूल व डाई मेकर, सीएनसी मैकेनिकिंग टेक्नोलॉजी, जीएसटी के साथ टैली, पीएचसी व एससीएडीआई, ब्यूटीफिकेशन तथा मोबाइल रिपेयर जैसे पाठ्यक्रम शामिल हैं।

**वेबसाइट पर दाखिला फॉर्म**

इसके अलावा सीएनसी टयूनिंग, एआरसी वेल्डिंग तथा असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन के तीन-तीन महीने के तीन पाठ्यक्रम और वेबडिजाइनिंग, कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर, योग विज्ञान में एक वर्ष के तीन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए भी आवेदन किया जा सकता है।

## PUNJAB KESARI

कॉलेज ने शुरू किए 15 दिन से लेकर 5 वर्ष तक की अवधि के पाठ्यक्रम

# वाईएमसीए के कम्युनिटी कॉलेज में अब 26 नए पाठ्यक्रम

**■ स्किल इंडिया की ओर बढ़े कदम**

फरीदाबाद, 12 जुलाई (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कम्युनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत नये शैक्षणिक सत्र 2018-19 से 15 दिन से लेकर 5 वर्ष की अवधि के सर्टिफिकेट डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा तथा वोकेशन में स्नातक सहित 26 नये पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है।

नये सत्र से शुरू किये जा रहे पाठ्यक्रमों में रेफ्रिजरेशन, एयरकंडीशनिंग, घरेलु उपकरण प्रशिक्षण, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डिंग, वेब डिजाइनिंग, कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग तथा योग एवं नेचुरोपैथी के पाठ्यक्रम शामिल है जिनके लिए आवेदन आमंत्रित किये गये है। सभी पाठ्यक्रमों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं एवं 12वीं पास है और आवेदन की अंतिम तिथि 16 अगस्त, 2018 है।कम्युनिटी कॉलेज के नये पाठ्यक्रमों की घोषणा करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कम्युनिटी कॉलेज का उद्देश्य साधन से वंचित आर्थिक व शैक्षणिक रूप से कमजोर युवाओं का कौशल विकास कर उन्हें रोजगार के योग्य बनाना है। कॉलेज द्वारा शुरू किये गये नये पाठ्यक्रमों से कामगार एवं बेरोजगार युवा तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम तथा रोजगार योग्य बनेंगे। कौशल विकास युवाओं को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। कुलपति ने कहा कि स्किल इंडिया कार्यक्रम को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच के अनुरूप कॉलेज द्वारा नये कौशल विकास एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम औद्योगिक मांग को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक सहभागिता में शुरू किये गये है जिससे इन पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले युवाओं को रोजगार के सुनिश्चित अवसर मिलेंगे।कम्युनिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गोयल ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2013 मेंकम्युनिटी कॉलेज शुरू किया गया था।

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 13 July 2018
epaper.punjabkesari.in/c/30312471

**NEWS CLIPPING: 13.07.2018**

**AMAR UJALA**

# योग-ब्यूटीशियन का कोर्स भी कराएगा वाईएमसीए

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कम्यूनिटी कॉलेज ऑफ स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत 26 नए पाठ्यक्रम भी शामिल किए गए हैं। चालू शैक्षणिक सत्र 2018-19 में 15 दिन से लेकर पांच वर्ष की अवधि के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, एडवांस डिप्लोमा और वोकेशनल कोर्स की सुविधा शुरू करने की घोषणा विश्वविद्यालय प्रशासन ने की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नए सत्र से शुरू किए जा रहे पाठ्यक्रमों में रेफ्रिजरेशन, एयरकंडीशन, घरेलू उपकरण प्रशिक्षण, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डिंग, वेब डिजाइनिंग, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग के साथ ही योग एवं नेचुरोपैथी के पाठ्यक्रम शामिल हैं। इन सभी कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इन पाठ्यक्रम के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं एवं 12वीं पास है। इन कोर्स में आवेदन की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2018 है। ब्यूरो